**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी।**

**प्रेस-नोट**

**दिनांक- 26.12.2024**

**विषय:-** **08 वर्षीय मासूम की हत्या करने वाले शातिर अपराधी थाना रामनगर पुलिस व एस0ओ0जी0 टीम द्वारा मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार, एक अदद अवैध तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस व 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी महोदय द्वारा अपराधों की रोकथाम के मद्देनजर हत्या/अपहरण/चोरी/लूट की घटनाओ के सफल अनावरण एवं वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन मे, अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के पर्यवेक्षण मे एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व प्रभारी निरीक्षक रामनगर के नेतृत्व में एसओजी टीम व थाना पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0- 0234/2024 धारा- 103(1) / 238 बी0एन0एस0 से सम्बन्धित 08 वर्षीय मासूम की हत्या से सम्बन्धित अभियोग का सफल अनावरण करते हुए मुठभेड़ के दौरान अभियुक्त इरशाद पुत्र जहागीर अली निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी के पास से 01 अदद तमंचा, 01 अदद जिन्दा कारतूस, 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर डोमरी घाट के पास से बरामद करते हुए आज दिनांक- 26.12.2024 को गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना रामनगर पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटनाक्रम का विवरण-** दिनांक- 25/26.12.2024 को प्रभारी निरीक्षक रामनगर राजू सिंह मय हमराह उ0नि0 अमीर बहादुर सिंह, उ0नि0 अश्वनी कुमार, का0 शैलेष कुमार, हे0का0 महेन्द्र पाल, उ0नि0 पंकज कुमार मिश्रा के वास्ते देखभाल क्षेत्र तलाश वांछित वारण्टी व मु0अ0सं0 0234/2024 धारा 103(1) 238 बी0एन0एस0 की विवेचना में थाना हाजा से रवाना होकर पड़ाव चौराहे पर मौजूद थे, आपस में रोकथाम जूर्म जरायम के सम्बन्ध में बात चीत कर रहे थे कि उसी समय उ0नि0 मनीष कुमार मिश्र प्रभारी एस0ओ0जी0 वाराणसी अपने हमराह उ0नि0 गौरव कुमार सिंह, हे0का0 चन्द्रसेन सिंह, का0 आलोक कुमार मौर्य, का0 रमाशंकर यादव, का0 मनीष बघेल, का0 अवनीश पान्डेय, हे0का0 चालक उमेश सिंह के साथ आ गये, दिनांक 24.12.2024 को सूजाबाद में घटित घटना व उसके अभियुक्त की शिनाख्त व गिरफ्तारी के सम्बन्ध में आपस में बात चीत कर रहे थे तभी मुखबिर खास ने आकर बताया कि साहब कल जो सूजाबाद की बच्ची माहिरा की हत्या कर शव को स्कूल में फेका था वह डोमरी में गंगा किनारे मौजूद हैं यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता हैं इस सूचना पर विश्वास करके पुलिस वाले मय एस0ओ0जी0 टीम के मुखबिर को साथ लेकर उसके बताये स्थान पर चल दिये मुखबिर ने डोमरी में घाट के पास पहुंचकर रुकने का इशारा किया। रुकने पर गाड़ी के रोशनी में दिखाई पड़े एक व्यक्ति की तरफ इशारा कर मुखबिर ने बताया कि यह वही व्यक्ति हैं और पीछे मुड़कर चला गया। पुलिस वाले हिकमत अमली से उसके नजदीक पहुचें तब उस व्यक्ति ने हाथ में लिए असलहे से हम पुलिस वालो की तरफ जान से मारने की नियत से फायर करने लगा हम पुलिस वाले अपने को बचाते हुए ललकारने लगे हम पुलिस वालो ने फायर कर रहे बदमाश को आत्म समर्पण हेतु चेतावनी दिया लेकिन उसने अनसुना कर दिया हम पुलिस वालो ने अपना बचाव करते हुए उचित दूरी बनाकर न्यूनतम बल के सिद्धान्त का पालन करते हुए बदमाश की जीवन रक्षा व अभियुक्त की गिरफ्तारी को ध्यान में रखते हुए प्रभारी निरीक्षक अपनी सरकारी पिस्टल से व एस0ओ0जी0 प्रभारी मनीष मिश्र ने अपनी सरकारी पिस्टल से एक एक राउण्ड फायर किये व पुलिस टीम पर फायर करने वाले व्यक्ति को देखा गया तो वह पास में ही 2-3 कदम चलकर बैठ गया और थोड़ी देर बाद वह व्यक्ति वही पर कराहने लगा वस्तुस्थिति को देखते हुए पुलिस पार्टी की तरफ से यह उदघोषणा की गयी कि तुम पुलिसे के घेरे में हो अपने पास लिए शस्त्र को फेककर आत्म समर्पण कर दो यह घोषणा करने के कुछ ही समय बाद गाड़ी के रोशनी में देखा गया तो नीचे गिरे हुए व्यक्ति ने अपने पास लिए शस्त्र को कुछ दूर पर फेककर कहा कि साहब मेरे पास कुछ नही हैं हिकमत अमली से अपने को बचाते हुए साहस का परिचय देते हुए मय हमराहियान के उस व्यक्ति के पास पहुंचे तो देखा कि उस व्यक्ति के दाहिने घुटने से खुन बह रहा हैं जो कपड़े पर लगा हुआ हैं और चलने मे असमर्थ हैं। तत्पश्चात थाना कार्यालय को घटना स्थल पर फोरेन्सिक टीम / फील्ड यूनिट भेजने हेतु निर्देशित किया मा0

उच्चतम न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के आदेशो निर्देशो के क्रम में उस व्यक्ति को बगरज इलाज व स्वास्थ्य लाभ हेतु तत्काल भेजने की व्यवस्था की गयी नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम इरशाद पुत्र जहागीर अली निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी उम्र 22 वर्ष बताया भागने व पुलिस पार्टी पर फायर करने के सम्बन्ध में पूछा तो उसने बताया कि कल मैने अपने ही मोहल्ले की रहने वाली लड़की माहिरा को बुरी नियत से जब वह रात में दुकान से घर जा रही एकान्त में पकड़के खीच लिया व बाद में पत्थर से कूचकर मार दिया था और एक प्लास्टिक की बोरी में भरकर प्राइमरी स्कूल के अन्दर बाउन्डरी में फेक दिया था मै डर वस यहा छिपा था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण**– इरशाद पुत्र जहागीर अली निवासी ग्राम सूजाबाद थाना रामनगर वाराणसी उम्र 22 वर्ष।

**बरामदगी का विवरण**

1- 01 अदद तमंचा 315 बोर
2- 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर
3- 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर
4- एक अदद आला कत्ल पत्थर

**गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान-** दिनांक- 26/12/2024 समय करीब रात्रि 01.25 बजे, डोमरी घाट के पास थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।

**आपराधिक इतिहास का विवरण**

1. मु0अ0सं0- 0234/2024 धारा- 103(1)/238 बी0एन0एस0 थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. मु0अ0सं0- 0235/2024 धारा 109(1) बी0एन0एस0 व 3/25 आर्म्स थाना रामनगर कमिश्नरेट वाराणसी

**गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण–**

| थाना रामनगर की टीम | एस0ओ0जी0 कमिश्नरेट वाराणसी टीम |
|---|---|
| 1. प्रभारी निरीक्षक श्री राजू सिंह थाना रामनगर | 1. उ0नि0 श्री मनीष कुमार मिश्र एसओजी प्रभारी |
| 2. उ0नि0 श्री अमीर बहादुर सिंह | 2. उ0नि0 श्री गौरव कुमार सिंह एसओजी |
| 3. उ0नि0 श्री अश्वनी कुमार राय | 3. हे0का0 चन्द्रसेन सिंह एसओजी कमिश्नरेट वाराणसी। |
| 4. उ0नि0 श्री पंकज कुमार मिश्र | 4. हे0का0 उमेश सिंह एसओजी कमिश्नरेट वाराणसी। |
| 5. उ0नि0 श्री उमेश राय | 5. का0 आलोक कुमार मौर्य एसओजी वाराणसी। |
| 6. हे0का0 महेन्द्र पाल | 6. का0 रमाशंकर यादव एसओजी कमिश्नरेट वाराणसी। |
| 7. का0 शैलेश कुमार | 7. का0 मनीष बघेल एसओजी कमिश्नरेट वाराणसी। |
| | 8. का0 अंकित मिश्रा एसओजी कमिश्नरेट वाराणसी। |
| | 9. का0 मयंक त्रिपाठी एसओजी कमिश्नरेट वाराणसी। |
| | 10. का0 अवनीश पाण्डेय एसओजी कमिश्नरेट वाराणसी |

**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त काशी जोन**
**कमिश्नरेट वाराणसी।**